DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER नई दिल्ली। बृहस्पतिवार • 15 जून • 2023 राष्ट्रीय सहारा

# सिग्नेचर ब्यू अपार्टमेंट के आवंटियों को राहत, मिलेगा घर

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर ब्यू अपार्टमेंट के निवासियों की समस्या का समाधान करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्राधिकरण ने दो विकल्प तैयार किए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने 'पहले आओ-पहले पाओ' (एफसीएफएस) के तहत चौथे चरण की आवासीय योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत प्राधिकरण जसोला, रोहिणी, नरेला, सिरसपुर में एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस फ्लैट देने की पेशकश की है।

राजनिवास में उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक कालकाजी में निर्मित फ्लैटों में पात्रता के मुताबिक निकटवर्ती जेजे क्लस्टर में फ्लैट देने की योजना को मंजूरी दे दी। बोर्ड बैठक में सदस्यों के साथ ही डीडीए के अधिकारी भी शामिल थे। खासबात यह है कि एलजी ने प्रधानमंत्री के 'हाउसिंग फॉर ऑल' के विजन को भी मंजूरी दे दी है।



■ 'हाउसिंग फॉर ऑल' योजना को मंजूरी, 30 जून से होगी शुरुआत

■ पहले चरण में डीडीए लाएगा 5 हजार फ्लैटों की योजना

■ जेजे कलस्टरों के प्रस्ताव को भी मंजूरी

■ राजनिवास में एलजी ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

प्राधिकरण के अधिकारियों कहना है कि उप-राज्यपाल के दखल के बाद ही कई योजनाओं की शुरुआत हो सकी है। प्राधिकरण के बगैर बिके फ्लैटों की सूची भी तैयार की है। यह फ्लैट द्वारका एवं नरेला में एमआईजी और एचआईजी फ्लैट उपलब्ध हैं। पहले चरण में करीब 5,000 फ्लैटों की पेशकश की जाएगी। डीडीए ने सिग्नेचर ब्यू अपार्टमेंट के आवंटियों को दो विकल्प दिए हैं।

पहला डीडीए आवंटियों के फ्लैट की कीमत ब्याज समेत एवं स्टांप ड्यूटी की राशि एवं अन्य खर्च का भी भुगतान करेगा। दूसरे विकल्प के तौर पर प्राधिकरण उसी जगह उन्हें नया फ्लैट बनाकर देगा। प्रधानमंत्री के 'हाउसिंग फॉर ऑल' के विजन के तहत कोई भी व्यक्ति इस योजना में आवेदन कर सकेगा, भले ही उपरोक्त व्यक्ति के पास पहले से ही डीडीए का फ्लैट एवं प्लॉट है। यह योजना 30 जून से शुरू होगी। बाद में जरूरत के मुताबिक फ्लैटों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

प्राधिकरण ने सामान्य वर्ग के लिए घरों को सस्ता रखने के लिए डीडीए ने अधिकांश ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैटों की मौजूदा लागत को बरकरार रखा है। डीडीए पहली बार ऑनलाइन सिस्टम जनरेट करके डिमांड लेटर जारी करेगा और पंजीकरण राशि के भुगतान की पुष्टि होने के तुरंत बाद आवंटन कर दिया जाएगा। पिछली योजनाओं के फीडबैक पर डीडीए ने पर्याप्त निवेश किया है। उन्होंने बताया कि नवजीवन के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारित कर दी गयी है।

अनुमति कैंप, कालकाजी स्थित ए-14 के शेष 1162 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आवंटन के लिए कालकाजी एक्सटेंशन एवं नई दिल्ली (इन-सीटू स्लम) के तहत घर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोर्ड बैठक में प्राधिकरण ने पीडब्ल्यूडी (स्टाफ क्वार्टर) के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए जसोला 40 एचआईजी फ्लैट देने को मंजूरी दे दी है। डीडीए ने गाजीपुर टोल प्लाजा को बेहतर बनाने एवं बाहरी दिल्ली के औचंदी गांव में बिजली का सब स्टेशन स्थापित करने के लिए भू-उपयोग परिवर्तन के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI
15 जून, 2023 ▸ गुरुवार ------------------------------------------DATED---------------------------

एलजी की अध्यक्षता में डीडीए बोर्ड ने दी हाउसिंग स्कीम को मंजूरी

# 30 जून से ऑनलाइन बुक कर सकेंगे अपने सपनों का आशियाना



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली में अपने आशियाना मिलने की उम्मीद लगाये बैठे लोगों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के आधार पर शुरु होने वाली हाउसिंग स्कीम के चौथे चरण को मंजूरी दे दी है। यह स्कीम 30 जून 2023 से शुरु होगी और आवेदक इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं। एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई इस अथॉरिटी मीटिंग में मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासियों को बड़ी राहत दी है। डीडीए ने यहां के निवासियों को अपने फ्लैट डीडीए को सौंपकर वापस पूरा पैसे देने या इसी जगह पहले जैसे नये फ्लैट देने का विकल्प दिया है।प्राधिकरण ने कालकाजी और जेलोरवाला बाग में निर्मित फ्लैटों में पात्रता के अनुसार आसपास के झुग्गी झोपड़ी कलस्टर को फ्लैट आवंटित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है, जिससे अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में अधिक झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया जा सके।

## नवजीवन कैंप के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण को मिली अनुमति

बोर्ड मीटिंग में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत आवास प्रदान करने के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण के लिए अनुमोदन दिया गया। पॉकेट ए-14 कालकाजी एक्सटेंशन में शेष 1162 अनाबंटित फ्लैटों के आबंटन के लिए, पात्रता निर्धारण के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के लगभग 1500 परिवारों की पहचान की जाएगी।

## जेलरवाला बाग के ईडब्ल्यूएस. फ्लैटों के आवंटन की अनुमति

प्राधिकरण ने गोल्डन पार्क, रामपुरा और माता जय कौर पब्लिक स्कूल के सामने -2 जेजे क्लस्टरों के पात्र परिवारों को फ्लैटों के आबंटन के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है। डीडीए ने इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत जेजे क्लस्टर अर्थात, जेलरवाला बाग, अशोक विहार के पात्र जेजे निवासियों को आबंटन के लिए 31 वर्ग मीटर प्रति वाले 1675 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण किया है। जेलरवाला बाग, अशोक विहार के 1093 पात्र परिवारों को ड्रॉ ऑफ लॉट्स के द्वारा फ्लैटों का आबंटन किया गया है।



## एचआईजी फ्लैटों का पीडब्ल्यूडी को ऑफर

डीडीए ने पीडब्ल्यूडी को 40 डीडीए फ्लैट बेचने के लिए अनुमोदन दे दिया है। आकर्षक दरों पर डीडीए द्वारा प्रदान की गई व्यापक सुविधाओं को देखते हुए विभाग ने अपने अधिकारियों के आवासीय स्टाफ क्वार्टर्स के उपयोग के लिए जसोला स्थित 40 एचआईजी फ्लैटों को खरीदने का ऑफर दिया है।

## फाइव लेन टोल प्लॉजा के निर्माण हेतु भूमि के भू उपयोग में परिवर्तन

बोर्ड बैठक में दिल्ली बॉर्डर पर भीड़-भाड़ मुक्त यातायात और यातायात के निर्बाध आवागमन को बनाए रखने राजधानी में सड़क आधारिक संरचना के रख-रखाव में सहायता प्रदान करने के लिए प्राधिकरण ने योजना जोन-ई में आने वाले गाजीपुर ओल्डस लोकेशन, वर्तमान में एमसीडी टोल टैक्स (एनएच-24) स्थित फाइव लेन टोल प्लॉजा के निर्माण हेतु 7205 वर्गमी. भूमि के भूमि उपयोग को 'मनोरंजनात्मक' से 'परिवहन' में परिवर्तित करने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
NAME OF NEWSPAPER NEW DELHI | THURSDAY, 15 JUNE, 2023 ED

# DDA nod to phase-IV of online first come first serve housing scheme

OUR CORRESPONDENT

## LAUNCH ON JUNE 30

**NEW DELHI:** The highest decision-making body of the Delhi Development Authority on Wednesday gave its nod to launch on June 30 the phase-IV of DDA's online first come first serve housing scheme with the facility of booking a flat of one's choice in a preferred locality by paying a token booking amount, officials said.

In a meeting of the authority, chaired by Delhi Lt Governor V K Saxena, who is also DDA's chairman, it also "approved two options for the owners or allottees of Signature View Apartments at Mukherjee Nagar, of buyback and re-development", the DDA said in a statement.

"In line with the prime minister's vision of 'Housing for All', the Authority today gave approval of launching of phase-IV of DDA's online first come, first serve housing scheme with the facility of booking flat of one's choice in preferred locality and floor by paying token booking amount," it said.

Besides, there is no conditionality of owning any plot or house in Delhi for booking these flats thereby facilitating ownership of multiple houses by members of an extended family for improved urban living, it said.

For the first time, the DDA is offering MIG flats in Dwarka and Narela, and HIG flats in Jasola, apart from LIG and EWS flats in Rohini, Narela, Siraspur and Loknayak Puram under the FCFS housing scheme, officials said.

"Initially, approximately 5,000 flats of different categories will be offered and more flats will be added as per the demand from time to time. To keep the houses affordable for the general public at large, the DDA has retained the costing of most of the EWS/ LIG flats at the same level which was prevailing at the time of the Special Housing Scheme, 2021 and others have been kept at the price offered in 2022-23," the statement said.

The DDA for the "first time" shall be issuing online system-generated demand letters immediately, once the payment of the registration amount is confirmed. Based on the feedback of the previous schemes, the DDA has invested a substantial amount in improving the infrastructure of these localities including connectivity, it said.

Understanding the difficulties faced by residents of Signature View Apartments, the Authority has given approval for effective solutions to the residents of the apartment. Under it, the DDA will offer two options to the allottees/residents/owners of the Signature View Apartments to proceed in the matter, the housing authority said.

"One of the options is direct buyback of the flats wherein the DDA will pay back the cost of capital paid by allottees along with interest plus the stamp duty paid at the time of registration.

"The other option is a reconstruction of the flats vide which the DDA will provide newly-built flats at the same place with the same specifications. However, better amenities and civic services will be provided in consonance with Unified Building Bye Laws in vogue," it said.

Further, the facilitation amount towards rent would also be paid during the construction period till the time the offer letter is issued to all the allottees and owners, the statement said.

These decisions come after a "series of interventions" at the behest of the Lt Governor, who has been "earnestly pursuing" the disposal of the unsold housing inventory of the DDA, as also taking a "proactively people-friendly stance" with respect to the trauma and hardship caused to the allottees or owners of flats in Signature View Apartments, in view of its redevelopment, the statement said.

The authority also approved proposals to allot flats for the adjoining JJ clusters as per eligibility, in the flats constructed at Kalkaji and Jailorwala Bagh thus rehabilitating more slum-dwellers in a much more hygienic, safe and comfortable environment, it added.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPER अमर उजाला नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 15 जून 2023

# डीडीए ने निकाली 5000 फ्लैटों की स्कीम

## पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे घर, आवेदक पसंद के इलाके और फ्लोर ले सकेंगे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बुधवार को 5000 फ्लैटों के लिए स्कीम जारी की है। घर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे। इसके अलावा डीडीए ने कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इनमें सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के पुनर्विकास के लिए स्वामियों/आवंटियों को पैकेज की सुविधा देने का निर्णय भी शामिल हैं। इसके अलावा इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के दायरे में दूसरे जेजे क्लस्टरों को शामिल करने और फाइव लेन टोल प्लाजा के निर्माण के लिए भूमि-उपयोग में परिवर्तन किया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक में डीडीए की कई योजनाओं को स्वीकृति दी गई।

इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि डीडीए पहली बार एफसीएफएस योजना के तहत रोहिणी, नरेला, सिरसपुर और लोकनायकपुरम में एलआईजी और ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के अलावा द्वारका और नरेला में एमआईजी फ्लैटों और जसोला में एचआईजी फ्लैटों का ऑफर दे रहा है। प्राधिकरण ने सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के आवंटियों/स्वामियों के अनुरोध की जांच करने के बाद बाय बैक और री-डेवलपमेंट के दो विकल्पों को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कालकाजी और जेलरवाला बाग में निर्मित फ्लैटों में पात्रता के अनुसार निकटवर्ती झुग्गी-झोपड़ी समूहों को फ्लैट आवंटित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी है।

# 30 जून से शुरू होगी योजना

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** डीडीए हाउसिंग स्कीम के चौथे चरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री के विजन-सभी के लिए आवास के अनुरूप, प्राधिकरण ने ऑनलाइन 'पहले आओ पहले पाओ' (एफसीएफएस) हाउसिंग स्कीम में पसंद के इलाके और फ्लैट की बुकिंग की सुविधा होगी। इसके अलावा इन फ्लैटों की बुकिंग के लिए दिल्ली में किसी भी प्लॉट या मकान का स्वामी होने की भी कोई शर्त नहीं रखी गई है। इससे शहरी जीवन में सुधार के लिए बढ़ते हुए परिवार के सदस्यों का एक से अधिक घरों का स्वामी होने की सुविधा मिलेगी। यह योजना 30 जून को आरंभ की जाएगी।

**द्वारका, नरेला में एमआईजी और जसौला में एचआईजी का ऑफर :** डीडीए ने पहली बार, रोहिणी, नरेला, सिरसपुर और लोकनायकपुरम में एलआईजी और ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के अलावा एफसीएफएस हाउसिंग स्कीम के तहत द्वारका और नरेला में एमआईजी फ्लैट और जसोला में एचआईजी फ्लैटों का ऑफर दे रहा है। इस स्कीम में विभिन्न श्रेणियों के लगभग 5000 फ्लैटों



का ऑफर दिया गया है और समय-समय पर मांग के अनुसार अन्य फ्लैट इसमें शामिल किए जाएंगे। बड़े पैमाने पर आम जनता के लिए आवासों को किफ़ायती रखने के लिए डीडीए ने स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2021 के समय में रखी गई कीमत पर ही ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैटों को रखा है और अन्य फ्लैट 2022-23 के समय रखी कीमत पर है।

**1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण की अनुमति :** डीडीए ने ए-14 कालकाजी एक्सटेंशन में शेष 1162 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आवंटन के लिए नवजीवन कैंप, कालकाजी के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण के लिए अनुमति दी है। डीडीए ने इन-सीटू पुनर्वास परियोजना के तहत ए-14, कालकाजी एक्सटेंशन में 3024 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण कर लिया है और 3024 फ्लैटों में से 1862 फ्लैट भूमिहीन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के पात्र परिवारों को आवंटित कर दिए गए हैं। पॉकेट ए-14 कालकाजी एक्सटेंशन में शेष 1162 फ्लैटों के आवंटन के लिए पात्रता निर्धारण के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के लगभग 1500 परिवारों की पहचान की जाएगी। इन फ्लैटों की लागत लगभग 15 लाख रुपये हैं। इसके बावजूद पात्र परिवारों को लाभार्थी योगदान के रूप में 1,42,000 रुपये के भुगतान पर फ्लैट आवंटित किए जाएंगे, जिसमें 5 वर्ष के लिए रखरखाव प्रभार के रूप में 30000 रुपये भी शामिल हैं। इसी तरह जेजे क्लस्टर के पात्र परिवारों को जेलरवाला बाग, अशोक विहार स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आवंटन की अनुमति दी गई है। यहां पर 31 वर्ग मीटर वाले 1675 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का निर्माण किया है। जेलरवाला बाग, अशोक विहार के 1093 पात्र परिवारों को ड्रॉ ऑफ लॉट्स से फ्लैटों का आवंटन किया गया है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | THURSDAY | JUNE 15, 2023

# DDA takes key decisions to clear inventory, help allottees



Ranjan Dimri/Pioneer

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

The Delhi Development Authority (DDA) on Wednesday took some important decisions including launching of the Phase IV of DDA's Online First Come First Serve (FCFS) Housing scheme and a facilitation package to the owners/allottees for the redevelopment of Signature View Apartments. The decisions were taken in a meeting chaired by Lieutenant-Governor (LG) VK Saxena, who is also Chairman, DDA.

These decisions come after a series of interventions at the behest of the LG, who has been earnestly pursuing the disposal of the unsold housing inventory of the DDA as also taking a proactively people-friendly stance with respect to the trauma and hardship caused to the allottees of flats in Signature View Apartments, in view of its redevelopment.

For the first time, DDA is offering MIG flats in Dwarka and Narela and HIG flats in Jasola, apart from LIG and EWS flats in Rohini, Narela, Siraspur and Loknayakpuram, under FCFS scheme. The Authority further examined requests of the allottees/owners of the Signature View Apartment and has approved two options for the owners/allottees of Signature View Apartments, of buy back and re-development.

The Authority also approved proposals to allot flats to the adjoining JJ Clusters as per eligibility in the flats constructed at Kalkaji and Jailorwala Bagh thus rehabilitating more slum dwellers in a much more hygienic, safe and comfortable environment.The Authority Meeting was attended by Vice Chairman, DDA and other members.

In line with Prime Minister Narendra's vision of Housing for All, the Authority gave approval of launching of Phase IV of DDA's Online First Come First Serve (FCFS) Housing scheme with facility of booking flat of one's choice in preferred locality and floor by paying token booking amount.

Besides, there is no conditionality of owning any plot or house in Delhi for booking these flats thereby facilitating ownership of multiple houses by members of an extended family for improved urban living. The scheme is to be launched on June 30,2023.

For the first time, DDA is offering MIG flats in Dwarka and Narela and HIG flats in Jasola, apart from LIG and EWS flats in Rohini, Narela, Siraspur and Loknayakpuram under FCFS Housing Scheme.

Initially, approximately 5,000 flats of different categories will be offered and more flats will be added as per the demand from time to time.

millenniumpost
THURSDAY, 15 JUNE, 2023 | NEW DELHI

# DDA nod to sell 40 flats to city's PWD

**NEW DELHI:** The highest decision-making body of the Delhi Development Authority on Wednesday gave its nod to sell 40 HIG flats of the DDA to the city's Public Works Department (PWD), officials said. In a meeting of the authority, chaired by Delhi Lt Governor V K Saxena, who is also DDA's chairman, it also approved the change of land use of land for the construction of a five-lane toll plaza (RFID system) at Ghazipur's old location. "Realising the ample facilities provided by the DDA at very attractive rates, the department has offered to buy 40 HIG flats at Jasola for use by its officials, as residential staff quarters," the DDA said in a statement.

"Such bulk allotments to government's departments afford a golden opportunity to purchase readymade flats without going through the hassle of undertaking construction," it said. Also, to ensure a smooth flow of traffic at Delhi border points and help in maintaining road infrastructure in the national capital, the authority has approved the change of use of land measuring 7205 sqm from 'recreational' to 'transportation', for the construction of a five-lane toll plaza (RFID system) at Ghazipur's old location, the DDA said. The erstwhile SDMC has been entrusted to install an RFID-based electronic toll collection system at 13 road entry points (covering 65 toll lanes) in Delhi in compliance with the Supreme Court's order dated August 22, 2016. Accordingly, the erstwhile SDMC had requested the DDA to provide an area measuring 7205 sqm for installing the five-lane toll plaza for cashless collection of toll tax and environment compensation charge, it added. Besides, the DDA approved a proposal for change of land use in the Master Plan for Delhi and zonal development plan for Zone-N of land measuring 39.603 acres required for construction of 765/400 KV Electrical sub-station in Auchandi village.

The Power Grid Corporation of India Limited, through its 100 per cent owned subsidiary Powergrid Narela Transmission Limited, is constructing a transmission system, the statement said. The highest decision-making body of the DDA approved an increase in plinth area rates for calculating the construction cost of DDA flats for the financial year 2023-24 based on the increase in the building cost index of CPWD by 8.5 per cent over the last approved PARs towards the cost of money. No increase has been made in the rates of Narela flats. MPOST

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE



# Life, in a crumbling apartment complex

**Delhi lieutenant governor (LG) and DDA have approved the final offer to residents of Signature View apartment, giving them two options — buy back and reconstruction. The terms have been agreed upon by the residents' welfare association**

**Snehil Sinha**
snehil.sinha@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** In a meeting on Wednesday, the Delhi Development Authority (DDA) and the Delhi lieutenant governor (LG) approved the final offer to residents explaining the terms for vacating and rebuilding of the Signature View apartment (SVA) complex in Mukherjee Nagar area of North Delhi.

DDA will offer two options to residents — buy back and reconstruction. The terms of both options have been agreed upon by RWA and a final agreement will be signed by DDA as well as residents before the residents start vacating the premises, DDA officials said.

"One of the options is direct buy back of the flats wherein DDA will pay back the cost of capital paid by allottees along with interest plus the stamp duty paid at the time of registration. The other option is reconstruction of the flats wherein DDA will provide newly built flats at the same place with same specifications. However, better amenities and civic services will be provided in consonance with Unified Building Bye Laws (UBBL) in vogue. Further, facilitation amount towards rent would also be paid during the construction period till the time offer letter is issued to all the allottees/owners," a DDA statement said.

Officials added that the agreement with options will be prepared soon and every flat owner will sign it mentioning the preferred option, before evacuation begins.

Earlier this year, the LG asked DDA to "vacate and dismantle" the 12 towers of Signature View after an IIT Delhi report deemed it unfit for habitation. The residents earlier rejected DDA's offer stating that the rent it was offering to pay was lower than the rates in the area, and that it would be making over 250 additional flats in the same area.

The new proposal fulfils with most of the demands put forward by residents. It mentions that rent of ₹50,000 will be offered to HIG flat owners and ₹38,000 to MIG flat owners for the next three years, till the flats are dismantled and reconstructed. If the construction takes more time, the proposal will be reviewed and the rent will be extended till the offer letter is given to residents.

For those residents who opt for buy back, DDA will offer to pay the cost of the flat at 10.6% interest rate and stamp duty.

RWA members said that while most residents are happy with the latest proposal it will be finally approved in a General Body Meeting (GBM) of the RWA. The meeting will be organised as soon as the RWA receives a formal written proposal from DDA mentioning all the clauses.

"Our main demand was rent for all as we were initially told that only those owners who are currently living in the society will be given rent. But we have been told that all owners will get rental. The DDA will reconstruct the society with 152 additional MIG and HIG flats, which is also acceptable," said Amrendra Jha, RWA president, SVA. He also said that the LG reassured them that the DDA would redevelop the entire apartment complex in a time bound manner.

Construction of SVA started in 2007 at an estimated cost of ₹29 crore. The work was completed in 2010 at a cost of ₹45 crore. Flats were allotted in 2011 and the possession for the first lot of flats was given to residents in 2012.

Residents said that the first incidents of falling grit wash plaster and cracks in walls started appearing as early as 2013, within a year of the possession of flats.

As problems continued, the RWA wrote to the DDA VC in 2019 regarding the problems of falling of ceilings, cracks in beams, walls, roof, balconies, drawing rooms, kitchen and washroom. A survey was conducted by IIT Delhi, which in its report said the entire society be vacated and dismantled as the damages were irreparable and the structure was unsafe for habitation. In January, the LG finally directed DDA to vacate and dismantle the building.








**2.83 hectares**
AREA

**336** FLATS | **12** TOWERS

**EXCERPTS OF IIT-D STRUCTURAL ANALYSIS**
- Concrete in structures is of lower grade than expected
- High water-to-cement ratio
- High chloride content in concrete
- "Since the chlorides are mixed in the concrete almost throughout the structure, there is little to no chance of achieving the desired life from the structure..."





(Above) Plaster from the beam in the parking stilt area of one tower has collapsed; (right) The shaft of another tower is filling with falling debris. SANCHIT KHANNA/HT

## RESIDENTS LIVING IN FEAR

{ THE VERMAS } NINTH FLOOR

### 'WE COULD HARDLY SLEEP IN THAT HOUSE'



The Vermas moved out last month. HT

Dr Shweta Verma was enjoying the evening view from her balcony on a weekend off. She decided to get some tea, and went to the kitchen, when she heard a loud thud and rushed out to find that a portion of the balcony ceiling had collapsed.

"That was our trigger to shift out immediately. After that incident, we constantly felt unsafe in the house. When the children were away, they would keep calling to check on us...We were living in constant fear and could hardly sleep in that house anymore. We had stopped calling guests to our house and even asked parents to not come over," said Verma.

She lived in Signature View with her husband and two teenage daughters. Last month, the family moved to a rented flat in a neighbouring society. Following the LG's order to vacate the premises, rentals in neighbouring societies have increased, according to residents, who said people want to shift close by because their children study in schools in the vicinity.

{ THE KUMARS } FIFTH FLOOR



The portion of the ceiling that fell in the drawing room. SANCHIT KHANNA/HT

### 'Were watching TV in drawing room when the ceiling fell'

Ashok Kumar and his wife, who declined to give her name, are working parents. Their two young daughters stay at home with their grandmother and a domestic help.

One afternoon, the kids were watching TV in the drawing room when a portion of the ceiling fell close to the television set.

"It was very scary, and there was a loud noise. But it was not as bad as just a few days ago when the entire drawing room ceiling had fallen in the house in front of ours and my friend got hurt in the leg. All of their furniture was damaged. They couldn't live there without getting it repaired," said 10-year-old Shanaya as she stood under the damaged portion of the ceiling.

Kumar said that they started looking for a flat the same day. The family is nearly all packed and will be moving out by the end of this month. However, before they could shift, another incident shook the family when a portion of their balcony ceiling came crumbling down.

His drawing room and bedroom walls have also started developing cracks. The seepage on one of the walls between two bedrooms was covered with a floral pink wall paper. The dining room ceiling also fell off earlier, but it was minor damage that the family got repaired before the IIT report came to light.

{ THE PANDEYS } FIRST FLOOR



Soon after Gaurav Pandev purchased his first floor flat, a portion of the bathroom ceiling fell. SANCHIT KHANNA HT

### 'ONLY GOD HAS KEPT US ALIVE SO FAR'

Gaurav Pandey lived in Signature View apartment for a few months as a tenant before he bought a flat there in 2017. The society and its location looked good, and it had large open spaces and schools in the vicinity.

His troubles started soon after. A portion of the bathroom ceiling in his house collapsed, and cracks appeared in one of the bedrooms in 2018. His was among the 50 flats repaired by DDA about two years ago. After the repairs, he also got his interiors reworked with additional woodwork in the kitchen.

Less than two years since the repairs, however, his bathroom ceiling has fallen again, and the plaster over the kitchen beams is broken at multiple places.

"It is difficult to pay attention at work knowing that my little children are inside the house. But sending them out is also dangerous as concrete blocks keep falling off. It is only by God's grace that we have been able to avoid any major accident so far," said Pandey.

He lives with his parents, wife, a five-year-old daughter, and a newborn son.

He casually points to a long crack spanning across a stilt parking wall. "This was just a long hairline crack till a couple of months ago... The damage is increasing every day," said Pandey.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS-------------- । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 15 जून 2023 -DATED-------------------


# सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के लोगों को मिलेंगे दो ऑप्शन

## DDA की मीटिंग में मंजूरी, बायबैक करें या रीडिविलपमेंट करवाएं

विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**एलजी के** निर्देश के बाद डीडीए ने सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के पीड़ित लोगों के सामने दो ऑप्शन रखे हैं। इनमें से पहला बायबैक और दूसरा रीडिवेलपमेंट का है। एलजी वी के सक्सेना की अध्यक्षता में हुई डीडीए बोर्ड मीटिंग में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। वहीं डीडीए की 'पहले आओ, पहले पाओ' स्कीम 30 जून को लॉन्च की जाएगी। इसके तहत एचआईजी और एमआईजी के फ्लैट्स भी शामिल होंगे। लोग अपनी पसंद की जगह और फ्लोर के हिसाब से फ्लैट चुन सकेंगे।

डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार, डीडीए ने सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के लोगों की बातों को सुना और इस आधार पर दो विकल्प देने का निर्णय लिया है। बायबैक ऑप्शन में डीडीए लोगों को यह विकल्प देगा कि लोग अपने फ्लैट की कीमत ले लें। इस विकल्प में लोगों को रजिस्ट्रेशन के समय पर दी गई स्टांप ड्यूटी और ब्याज भी दिया जाएगा। वहीं, दूसरे विकल्प में लोगों को रीडिवेलपमेंट का मौका दिया गया है। इस विकल्प में इसी जगह पर डीडीए मौजूदा फ्लैट के अनुसार, नए फ्लैट्स बनाकर देगा, सुविधाएं और सिविक सर्विसेज बेहतर होंगी। यह सब यूनिफाइड बिल्डिंग बाईलॉज के हिसाब से होगा। इसमें निर्माण होने तक लोगों को रहने का किराया भी दिया जाएगा।



एलजी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग

### कालकाजी एक्सटेंशन में बने फ्लैट्स मिलेंगे

**इन सीटू** रिहेबिलिटेशन योजना के तहत गोविंदपुरी के नवजीवन कैंप में रहने वाले 1500 परिवारों को कालकाजी एक्टेंशन के ए-14 में फ्लैट मिलेंगे। जेलरवाला बाग में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स को भी दो जेजे क्लस्टर गोल्डन पार्क, रामपुरा और माता जय कौर पब्लिक स्कूल के पास रहनेवाले परिवारों को अलॉट किया जाएगा। यहां 1675 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बने हैं। यहां बचे 582 फ्लैट अब इन परिवारों को मिलेंगे। इसके अलावा, जसोला में बने 40 एचआईजी फ्लैट्स पीडब्ल्यूडी को बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# वसुंधरा एनक्लेव: प्लॉट में कूड़े का ढेर

**एनबीटी न्यूज, वसुंधरा एनक्लेव:** पुनीत अपार्टमेंट के पास डीडीए की जमीन पर कूड़े का ढेर लगा रहता है। गंदगी और बदबू की वजह से इस रोड से आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है।

न्यू अशोक नगर एनबीटी सुरक्षा कवच ग्रुप की सदस्य अनिता बहल ने बताया कि पब्लिक स्कूल के पास खाली जमीन है, जो कूड़ा घर बन गई है। गर्मी की छुट्टियों की वजह से अभी स्कूल बंद है, वरना बच्चों और पैरंट्स को भी काफी परेशानी होती है।

**THE INDIAN EXPRESS,** THURSDAY, JUNE 15, 202

# 5k flats up for grabs in Jasola, Rohini under DDA housing scheme

**UPASIKA SINGHAL**
NEW DELHI, JUNE 14

THE DELHI Development Authority (DDA) is set to offer 5,000 flats to citizens under Phase IV of its First Come First Served (FCFS) housing scheme, which will be launched on June 30.

According to a statement released by the authority Wednesday, the scheme will offer around 40-50 High Income Group (HIG) houses in Jasola. Among Middle Income Group (MIG) houses, around 150 will be offered in Narela and 50 in Dwarka. Besides, over 1,500 flats in Rohini, around 120 in Siraspur and 140 flats in Loknayak Puram will be offered in the Lower Income Group (LIG) category, according to DDA public relations officer. More than 900 flats will be up for sale in Narela in the EWS (Economically Weaker Section) bracket.

Prices for LIG and EWS units will be set in accordance with the Special Housing Scheme of 2021, according to officials. Flats in Rohini will range between Rs 14.15 lakh and Rs 41.11 lakh whereas the Loknayak Puram units will range between Rs 27.5 lakh and Rs 28.5 lakh.

In the LIG category, the cheapest houses will be offered in Siraspur, ranging between Rs 17.5 lakh and Rs 17.75 lakh. EWS houses will fall in the Rs 7.91 lakh to Rs 12.42 lakh range.

Meanwhile, after being at loggerheads with residents of Signature View apartments in Mukherjee Nagar for months now, the authority has offered two options to them: a direct buyback of the flats or a newly built flat in the same location with the same specifications.

The DDA has agreed to pay back the full cost of the flat as paid by allottees along with interest and stamp duty. In case residents opt for newly built flats, they would be given rent for the duration of the construction, DDA said.

Residents had complained of the poor quality of the flats; the buildings were declared "structurally unsafe" after a study by IIT-Delhi in 2021-22.

Last March, the DDA had offered to buy back the houses along with a 10.6% simple interest, or the option to swap the houses for existing DDA houses anywhere in the city. The third option was to opt for a house in the redeveloped housing complex and avail rent during the construction period. Residents rejected the offers, demanding "as is where is basis" that was, in turn, rejected by the housing authority.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली, 15 जून, 2023 दैनिक जागरण

-DATED-

# पांच माह में ही खुशहाल हुआ कुतुबगढ़

## जनवरी में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के गोद लेने के बाद सक्रिय हुआ हर विभाग

जागरण पड़ताल

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

गांवों को गोद लेने की परंपरा नई नहीं है, लेकिन गोद लिए किसी गांव का कायाकल्प होना जरूर नई बात है। दिल्ली-हरियाणा बार्डर स्थित कुतुबगढ़ ऐसा ही खुशकिस्मत गांव है। उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने इसे गोद ही नहीं लिया, बल्कि वे इसे बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत भी हैं। आलम यह है कि महज पांच माह में ही गांव के हर क्षेत्र में बदलाव की बयार देखने को मिल रही है।

एलजी ने इस गांव का दौरा तो पहली बार दो सितंबर, 2022 को किया था, लेकिन प्रशासन की ओर से एलजी द्वारा इसे गोद लेने की चिट्ठी जनवरी 2023 में जारी हुई। 13 अप्रैल को उन्होंने फिर से गांव का दौरा यहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। तब से अब तक पांच माह में ही पूरा गांव बदला-बदला नजर आता है। गांव की बेहतरी का पहला परिचय इसकी पक्की सड़कें और साफ-सफाई देखकर ही मिल जाता है। हर जगह लगी स्ट्रीट लाइटें, जलाशयों और पार्कों की उन्नयन और वहां रहने वालों की प्रतिक्रिया गांव की खुशहाली भी बयां कर देती है। लोगों ने एलजी का आभार व्यक्त किया।



कुतुबगढ़ गांव के नगर वन मे लगाई गई बासं की हट, डस्टबिन व सोलर लाइट • जागरण

### जनवरी से जून मध्य तक गांव में ये हुए बदलाव

- गांव की लगभग हर गली और सड़क हुई पक्की, साफ-सफाई हो गई नियमित
- मुंगेशपुर ड्रेन से निकाली गई गाद, बनाया गया 200 मीटर का वाकिंग ट्रैक, ड्रेन के किनारे लगाए गए बांस के पौधे और बेंच
- 2017 से बनी डिस्पेंसरी की बिल्डिंग हुई आबाद, स्टाफ हुआ शिफ्ट
- तालाब की हुई सफाई, पशुओं के लिए बन रहा रैंप
- सेल्फ हेल्प ग्रुप के तहत 14-14 महिलाओं के चार समूहों को खादी ग्रामोद्योग से मिला प्रशिक्षण, केंद्र से मिली आर्थिक सहायता, शुरू की बेकरी
- गांव के स्कूल में शुरू हुई साइंस स्ट्रीम
- नर्सरी और वन क्षेत्र को पर्यटक स्थल बनाने के लिए चल रहा काम
- पहली बार गांव में खोला जा रहा डाकघर
- अब तक गांव में लगाई जा चुकी 544 एलईडी स्ट्रीट लाइट
- डीडीए गांव में कर रहा दो तालाब का निर्माण
- डीडीए द्वारा गांव में किया जा रहा चार नए पार्कों का निर्माण, दो पार्कों में ओपन जिम भी होगा
- आर्गेनिक फार्मिंग और सिंचाई तंत्र में कुशल बनाने के लिए गांव के 60 किसानों को कृषि विज्ञान केंद्रों में किया गया प्रशिक्षित
- सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने लगाए कुतुबगढ़ में साइन बोर्ड और गांव के नक्शे
- सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाने के लिए गांव से जोड़े गए नए बस रूट
- कुतुबगढ़ नर्सरी का उन्नयन करने के साथ नगर वन को बनाया जा रहा पर्यटक स्थल
- इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की पाइप लाइन डालने का सर्वे पूरा
- 500 स्थानीय किसानों को 1000 चंदन के पौधे दिए गए, ताकि शहर को हरा-भरा बनाने के साथ ही इसे खुशबूदार भी बनाया जाए
- ग्रामीणों को अंगूर और अमरूद के मुफ्त बाग दिया
- अंगूर के पौधे लगाने से यहां के वनस्पति जगत में भी विविधता आने से किसानों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास



एलजी द्वारा गांव को गोद लेने के बाद यहां काफी काम हो रहे हैं। सड़कें बन गईं, लाइटें लग गईं, तालाब भी पक्के किए जा रहे। और भी बहुत काम हो रहे हैं। अच्छा लग रहा है।

**-सरोज**, स्थानीय निवासी



एलजी के प्रयास से हमें खादी ग्रामोद्योग से बिस्कुट बनाने का प्रशिक्षण मिला और केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता मिली तो फरवरी में यहां बेकरी खुल गई। महिलाओं को रोजगार मिल रहा है।

**-दीपक राणा**, स्थानीय निवासी



उपराज्यपाल की ओर से इस गांव को गोद लेने से हमारे तो भाग्य ही खुल गए। हर जगह काम चल रहा है। स्टेडियम भी बनाया जा रहा है और रोजगार सृजन के लिए भी कई स्कीमें लाई जा रही हैं।

**-रवींद्र राणा**, स्थानीय निवासी



पहली बार गांव के कन्या विद्यालय में 11वीं कक्षा से विज्ञान की पढ़ाई शुरू हुई है। कंप्यूटर लैब में 40 नए कंप्यूटर आए हैं और फर्नीचर भी नया आ रहा है।

**-डा. प्रिंसी पीवी पंडित**, प्रिंसिपल, सर्वोदय कन्या विद्यालय

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI -----DATED------ THURSDAY, JUNE 15, 2023

# DDA to offer 5k flats on first-come, first-serve basis, more may be added

Vibha.Sharma@timesgroup.com

**New Delhi:** The Delhi Development Authority on Wednesday approved the launch of Phase IV of a housing scheme for the sale of nearly 5,000 flats in the high-income group (HIG), middle-income group (MIG) and low-income group (LIG) categories online on first-come, first-serve basis from June 30 onwards.

The decision was taken at a meeting of DDA members and chaired by lieutenant governor VK Saxena. Officials said that for the first time, the DDA had launched such a scheme in which HIG and MIG flats will also be offered on first-come, first-serve basis online.

For the first time, the DDA is offering MIG flats in Dwarka and Narela and HIG flats in Jasola, apart from LIG and EWS flats in Rohini, Narela, Siraspur and Loknayakpuram after the LG pursued the matter of disposal of unsold DDA housing inventory.

"The scheme will facilitate people to book a flat of their choice in a preferred locality and floor by paying a token booking amount. Besides, there is no condition of not owning any plot or house in Delhi for booking these flats thereby facilitating ownership of multiple houses by members of an extended family," an official said.

**There is no condition of not owning any plot or house in Delhi for booking the flats, facilitating ownership of multiple houses by members of an extended family**

Initially, nearly 5,000 flats will be offered for sale. More flats will be added according to demand.

"DDA has kept the cost of most of the EWS/LIG flats at the same rate as prevailing at the time of the Special Housing Scheme, 2021, while the rest of the flats have been kept at the price offered at 2022-23," an official said.

DDA has also decided to provide two options to residents of Signature View Apartments, Mukherjee Nagar, to speed up redevelopment. One option is to buy back flats for which DDA will pay back the cost of capital paid by allottees along with interest plus the stamp duty paid at the time of registration. "The other option is reconstruction of the flats via which DDA will provide newly built flats at the same place with the same specifications," the official said.

DDA also agreed to pay rent during the construction period.

DDA has constructed 3,024 EWS flats at Kalkaji Extension under an in-situ slum rehabilitation project. Out of the 3,024 flats, 1,862 flats have been allotted to eligible families of the Bhoomiheen Camp. For allotment of the remaining 1,162 flats, about 1,500 families of Navjeevan Camp, Govindpuri, Kalkaji will be identified for eligibility.

The authority has constructed 1,675 EWS flats at Jailorwala Bagh and while 1,093 eligible families were allotted flats by a draw of lots. The remaining flats will be given to families at nearby JJ clusters — Golden Park, Rampura and Opposite Mata Jai Kaur Public School, Ashok Vihar.

DDA has fixed the Plinth Area rates (PAR) for construction cost of flats. It has also decided on a 10% (of rates of 2022-23) increase in rates for calculating conversion charges.

Hindustan Times

## DDA TO LAUNCH NEW HOUSING PLAN BY JUNE 30

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority, in a meeting headed by LG VK Saxena, on Wednesday took two major decisions: to launch phase 4 of its online first-come, first-serve housing scheme, and secondly, allow a change in the land use for a toll plaza at Ghazipur.

"The scheme will be launched on June 30. Initially, approximately 5,000 flats of different categories will be offered, and more will be added," DDA said. Separately, it announced the "approved change of land use of 7,205 square metres" to "transportation", to construct a five lane toll plaza at Ghazipur. HTC

हिन्दुस्तान

## डीडीए हाउसिंग में पसंद कर सकेंगे इलाका और फ्लोर

**सुविधा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** डीडीए द्वारा निकाली जा रही आवासीय योजना में अब आवेदक इलाका और फ्लोर भी चुन सकेंगे। 5 हजार फ्लैटों की यह आवासीय योजना आगामी 30 जून को शुरु होने जा रही है।

इसमें रोहिणी, नरेला, सिरसपुर और लोकनारायणपुरम में मौजूद एलआईजी फ्लैट शामिल किए गए हैं। इसके अलावा द्वारका और नरेला के एमआईजी फ्लैट एवं जसोला के एचआईजी फ्लैट भी इसमें शामिल किए जा रहे हैं। जल्द ही इसमें फ्लैटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह निर्णय बुधवार को डीडीए बोर्ड की बैठक में लिया गया।

डीडीए पहले आओ-पहले पाओ की योजना के तहत फ्लैट आवंटित करेगा। इसमें टोकन बुकिंग राशि का भुगतान करके बुकिंग कर सकते हैं। इन फ्लैटों की बुकिंग के लिए दिल्ली में किसी भी प्लॉट या मकान का मालिक होने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS दैनिक जागरण गुरुवार 15 जून 2023, -------DATED---------------------

# सपनों के आशियाने की 30 जून से कर सकेंगे आनलाइन बुकिंग

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : दिल्ली में आशियाना मिलने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों के लिए अच्छी खबर है। डीडीए ने 'पहले आओ, पहले पाओ' (एफसीएफएस) के आधार पर शुरू होने वाली आवासीय योजना के चौथे चरण को मंजूरी दे दी है। यह योजना 30 जून से शुरू होगी और आवेदक इसके लिए आनलाइन बुकिंग कर सकेंगे।

एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को राजनिवास में हुई बोर्ड बैठक में मुखर्जी नगर स्थित सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के निवासियों को बड़ी राहत दी गई है। डीडीए ने यहां के निवासियों को अपने फ्लैट डीडीए को सौंपकर वापस पूरा पैसा वापस देने या इसी जगह पर पहले जैसे नए फ्लैट देने का विकल्प दिया है। प्राधिकरण ने कालकाजी और जेलोरवाला बाग में निर्मित फ्लैटों में पात्रता के अनुसार आसपास के झुग्गी-झोपड़ी कलस्टर को फ्लैट आवंटित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी है, जिससे अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक वातावरण में अधिक झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया जा सके।



राजनिवास में दिल्ली विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करते उपराज्यपाल विजय कुमारसक्सेना (सबसे बाएं) ● सौजन्य - राजनिवास

इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि बोर्ड बैठक में डीडीए ने आवासीय योजना के चौथे चरण को अनुमति दे दी है। इसमें टोकन बुकिंग राशि का भुगतान करके अपनी पसंद के इलाके और पसंद के फ्लोर पर फ्लैट की बुकिंग की जा सकती है। इसके अलावा फ्लैटों की बुकिंग के लिए दिल्ली में किसी भी प्लाट या मकान का स्वामी होने की भी कोई शर्त नहीं रखी गई है।

**नवजीवन कैंप के 1500 परिवारों की पात्रता निर्धारण को मिली अनुमति** : बोर्ड बैठक में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत आवास प्रदान करने के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के 1,500 परिवारों की पात्रता निर्धारण के लिए अनुमोदन दिया गया। पाकेट ए-14 कालकाजी एक्सटेंशन में शेष 1,162 फ्लैटों के आवंटन के लिए, पात्रता निर्धारण के लिए नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी, कालकाजी के लगभग 1,500 परिवारों की पहचान की जाएगी।

**जेलोरवाला बाग के ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आवंटन की अनुमति** : प्राधिकरण ने गोल्डन पार्क, रामपुरा और माता जय कौर पब्लिक स्कूल के सामने जेजे क्लस्टरों के पात्र परिवारों को फ्लैटों के आवंटन के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

## जसोला स्थित एचआइजी फ्लैटों को बेचने का पीडब्ल्यूडी को दिया प्रस्ताव

डीडीए ने पीडब्ल्यूडी को 40 डीडीए फ्लैट बेचने के लिए अनुमोदन दे दिया है। आकर्षक दर पर डीडीए द्वारा प्रदान की गई व्यापक सुविधाओं को देखते हुए विभाग ने अपने अधिकारियों के आवासीय स्टाफ क्वार्टर्स के उपयोग के लिए जसोला स्थित 40 एचआइजी फ्लैट खरीदने का प्रस्ताव दिया है।

## फाइव लेन टोल प्लाजा के निर्माण हेतु भूमि के उपयोग में परिवर्तन होगा

बोर्ड बैठक में दिल्ली बार्डर पर भीड़भाड़ मुक्त यातायात और वाहनों के निर्बाध आवागमन को बनाए रखने पर जोर दिया गया। इसके लिए सड़क आधारित संरचना के रखरखाव में मदद के लिए प्राधिकरण ने योजना जोन-ई के तहत गाजीपुर ओल्ड लोकेशन, वर्तमान में एमसीडी टोल टैक्स (एनएच-24) स्थित फाइव लेन टोल प्लाजा के निर्माण हेतु 7,205 वर्गमीटर भूमि के उपयोग को 'मनोरंजनात्मक' से 'परिवहन' में बदलने की अनुमति दे दी है।